हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 7 नवंबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 शहर के बाजार रहे ग्राहकों से गुलजार, जमकर हुई खरीदी



07 खुलासा: पुत्र ने की सगी मां सहित सौतेले पिता कि लकड़ी से पीट...



खबर संक्षेप

आंगनबाड़ी सहायिका पद की अंतिम सूची जारी

नर्मदापुरम। महिला एवं बाल विकास परियोजना नर्मदापुरम शहरी अंतर्गत रिक्त आंगनबाड़ी सहायिका पदों के लिए अंतिम चयन सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। शासन के निर्देशानुसार MP-Online पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। खंड स्तरीय चयन समिति द्वारा मेरिट के आधार पर अनंतिम सूची जारी की गई थी, जिस पर प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण जिला कार्यक्रम अधिकारी के अनुसार जिला स्तरीय समिति द्वारा किया गया। जारी अंतिम सूची के अनुसार वार्ड 02, आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 5 में सहायिका पद पर तनुजा शर्मा एवं वार्ड 08, आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 33 में सहायिका पद पर राखी केवट का चयन किया गया है।

पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों हेतु छात्रवृत्ति योजना शुरू

नर्मदापुरम। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा पिछड़ा वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2026-27 के ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो गए हैं। आयुक्त पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण भोपाल के अनुसार योजना के तहत विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर, पीएचडी और पोस्ट-पीएचडी की पढ़ाई के लिए शासन द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग की हुई समीक्षा बैठक

नर्मदापुरम। कलेक्टर नर्मदापुरम आशीष वशिष्ठ के निर्देश पर डॉ. भीमराव अंबेडकर सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य अमले की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम श्री विजय राय ने स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम ने सार्थक ऐप के माध्यम से उपस्थिति, अनमोल पोर्टल, Uwin पोर्टल पर ANC रजिस्ट्रेशन, आयुष्मान कार्ड की प्रगति और संक्रामक बीमारियों की रोकथाम को लेकर समीक्षा की।

नर्मदांचल में धनतेरस पर हुई भगवान धन्वंतरि की पूजन, बाजार में हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

दीपावली बाजार में सड़क और फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों के खिलाफ नगर पालिका ने कार्रवाई की। शुक्रवार दोपहर सीएमओ सुरेखा जाटव टीम के साथ जयस्तंभ चौक पहुंचीं। टीम ने सड़क के बीच और फुटपाथ पर लाई-बताशे, पूजन सामग्री सहित अन्य सामान बेच रहे दुकानदारों को समझाइश दी और सामान जब्त किया। नगर पालिका ने दीपावली बाजार के लिए गांधी स्टेडियम (गांधी ग्राउंड) में जगह तय की है। टीम ने दुकानदारों से वहीं दुकानें लगाने को कहा। नगर पालिका के मुताबिक, कुछ दुकानदार शहर के प्रमुख बाजारों और चौराहों पर दुकानें लगा रहे थे। इससे यातायात प्रभावित हो रहा था।



नपाध्यक्ष ने खरीदीं स्थानीय वस्तुएं

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे पत्नी निधि चौरे के साथ गांधी ग्राउंड स्थित बाजार पहुंचे। उन्होंने स्थानीय व्यापारियों और कारीगरों को प्रोत्साहित करने के लिए खरीदारी की। चौरे ने कुम्हारों और दस्तकारों से मिट्टी की लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, दीये, लाई-बताशे, झाड़ू, मोरपंख, रंगोली और पूजन सामग्री खरीदी।उन्होंने दुकानदारों और कारीगरों से बातचीत कर लोगों को स्थानीय उत्पाद खरीदने का संदेश दिया। साथ ही दीपावली पर स्वदेशी वस्तुएं और स्थानीय कारीगरों के बनाए उत्पाद खरीदने की अपील की।

धन्वंतरि जयंती पर आयुष संस्थाओं में हुई पूजा-अर्चना, विश्व आरोग्य की कामना



आयुर्वेद चिकित्सा के जनक भगवान धन्वंतरि के अवतरण दिवस पर 6 नवंबर को जिले की आयुष विभाग की संस्थाओं में धन्वंतरि जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। जिला आयुष कार्यालय, शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय आई.टी.आई. नर्मदापुरम एवं आयुष विंग, जिला चिकित्सालय परिसर में भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर पुष्प अर्पित किए गए। जिला आयुष अधिकारी डॉ. एस. आर. करोंजिया, आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. ए. के. पुष्कर, डॉ. सविता पुष्कर, डॉ. ललिता उइके, डॉ. संदीप रघुवंशी सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारियों ने विश्व के आरोग्य और आयुर्वेद सेवा के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में संतोष कुड़ापे, गोविंद वानखेड़े, सत्यनारायण कुमरे, जे. पी. भदौरिया, प्रिया बाजपेयी, आशा एक्का, मंजू सातनकर, किरण सिंह, आनंद शिंदे, प्रसन्न गौर, नीरज सिंह, शेर सिंह, सुमन धुर्वे, सुनीता चिड़ार, रंजना राठौर सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। इसके साथ ही नर्मदापुरम जिले की आयुष विभाग की समस्त संस्थाओं में भी धन्वंतरि जयंती पर पूजा-अर्चना कर आरोग्य की कामना की गई।

देवास की पॉश कॉलोनी में पटाखों का अवैध भंडारण, 10 लाख का माल जब्त

कार्रवाई: चंद्र तारा कॉलोनी में 21 कार्टून से मिले 87 प्रकार के पटाखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

दीपावली के दौरान पटाखों की मांग बढ़ने के बीच शहर की रहवासी कॉलोनियों में सुरक्षा नियमों को ताक पर रखकर किए जा रहे अवैध भंडारण का मामला सामने आया है। चंद्र तारा कॉलोनी में एक मकान के भीतर बड़ी मात्रा में पटाखों का भंडारण किया जा रहा था। सूचना मिलने पर प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने दबिश देकर यहां से 10 लाख रुपए से अधिक कीमत के पटाखे जब्त किए। मकान में 87 विभिन्न प्रकार के पटाखों के कुल 21 कार्टन रखे हुए थे। पुलिस ने मकान मालिक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।



सूचना पर संयुक्त टीम ने दी दबिश

जानकारी के अनुसार, 4 नवंबर को प्रशासन को मुखबिर से सूचना मिली थी कि चंद्र तारा कॉलोनी स्थित मकान नंबर 281 में अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री का भंडारण किया गया है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट और थाना प्रभारी के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने संबंधित मकान पर दबिश देकर तलाशी ली तो वहां बड़ी मात्रा में पटाखे रखे मिले। रहवासी क्षेत्र में इतनी बड़ी मात्रा में पटाखों का भंडारण मिलने पर टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पूरी सामग्री जब्त कर ली। मौके पर मकान से अलग-अलग प्रकार के 87 किस्म के पटाखों के कुल 21 कार्टन बरामद किए गए। जब्त पटाखों की अनुमानित कीमत 10 लाख 558 रुपए आंकी गई है। कार्रवाई के दौरान रजत अग्रवाल पिता मूलचंद अग्रवाल उम्र 34 वर्ष निवासी मकान नंबर 281, चंद्र तारा कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने जब्त सामग्री को कब्जे में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू की।

विस्फोटक अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज

पुलिस ने आरोपी रजत अग्रवाल के विरुद्ध अपराध क्रमांक 351/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 288, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163(1) एवं विस्फोटक अधिनियम 1884 की धारा 9(ख) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। रहवासी कॉलोनियों में पटाखों का बड़ी मात्रा में भंडारण गंभीर खतरे का कारण बन सकता है। पटाखों में जरा सी चिंगारी या आग लगने की स्थिति में विस्फोट और आगजनी से आसपास के मकानों के साथ लोगों की जान-माल को भी नुकसान पहुंच सकता है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पटाखों के भंडारण और विक्रय के लिए निर्धारित लाइसेंस शर्तों, क्षमता और अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके आसपास किसी मकान, दुकान या अन्य स्थान पर पटाखों का अवैध भंडारण किया जा रहा है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम अथवा डायल 112 पर दें। समय रहते मिली सूचना किसी बड़ी दुर्घटना को रोकने में मददगार साबित हो सकती है।

अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई, 6 मोटरबोट और एक पनडुब्बी जब्त

जिला प्रशासन ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार जिले में रेत खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को सिवनी मालवा तहसील में राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध रेत उत्खनन के विरुद्ध कार्रवाई की गई। संयुक्त टीम द्वारा ग्राम पथाड़ा, बाबरी, डिमावर एवं भिलाड़िया में निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान रेत का अवैध उत्खनन करते हुए 6 मोटरबोट एवं एक पनडुब्बी जब्त की गई। जब्त किए गए सभी उपकरणों को पुलिस थाना शिवपुर की अभिरक्षा में रखा गया है। उक्त कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिवनी मालवा विजय राय, तहसीलदार नितिन झोड़, नायब तहसीलदार हीरू कुमरे, खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम, सहायक खनि अधिकारी सूचि माथुर, खनि निरीक्षक बसंत पाटिल, खनिज सिपाही हेमंत राज सहित होमगार्ड एवं पुलिस बल के जवान उपस्थित रहे। जिला प्रशासन द्वारा जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

20 बच्चों संग पचमढ़ी घूमने आए पर्यटक की प्रियदर्शनी व्यू पाइंट में गिरने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी में शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां प्रसिद्ध प्रियदर्शिनी व्यू प्वाइंट पर 150 फीट गहरी खाई में गिरने से नागपुर निवासी विजय नायक की मौत हो गई। वे 20 बच्चों के ग्रुप के साथ घूमने आए थे। उनके पिता भी साथ में मौजूद थे। घटना सुबह करीब 6:45 बजे की है। जानकारी के मुताबिक, विजय नायक प्रियदर्शिनी व्यू प्वाइंट पर फोटो खिंचवा रहे थे। इसी दौरान एक बंदर ने उनका बैग छीनने की कोशिश की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बैग बचाने के प्रयास में उनका संतुलन



बिगड़ गया और वे सीधे गहरी खाई में जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

तीन घंटे चला रेस्क्यू

सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। करीब 150 फीट गहरी खाई में उतरकर शव बाहर निकालने के लिए तीन घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल भेजा गया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों के साथ नागपुर रवाना कर दिया गया। हादसे के बाद बच्चों और परिजनों में मातम छा गया। बेटे की मौत से पिता का रो-रोकर बुरा हाल है।

हादसे के बाद प्रियदर्शिनी व्यू प्वाइंट पर पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने कमजोर रेलिंग और बंदरों के आतंक पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि ऐसे पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम होने चाहिए।

लोगों ने व्यू प्वाइंट पर मजबूत रेलिंग लगाने, चेतावनी बोर्ड लगाने और पर्यटकों की सुरक्षा के लिए गार्ड तैनात करने की मांग की है।

आदर्श महिला क्लब के सदस्यों ने प्रदान किए माटी के दीपक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

धनतेरस के पावन पर्व पर सभी आदर्श महिला क्लब में माटी के दीपक प्रज्वलित करने के लिए प्रदान किये ताकि सब अपने अपने घर में माटी के दीप प्रज्वलित कर दीपावली मनाये। क्लब अध्यक्ष नीरजा फौजदार ने बताया कि हम सब हमेशा इस बात को प्राथमिकता देते है कि सब लोकल का समान उपयोग करें ताकि उनके घर भी दीपावली मन सके जो छोटे छोटे गृह उद्योग से अपने परिवार का पालनपोषण करते है। आयोजन में नीरजा फौजदार, नीता ओशीन, अंजू ओशीन, भावना चावरा, नीता गिल्ला, अनामिका जैन, नम्रता मंहत, कल्पना जैन, सारिका जैन, भारती शर्मा आदि मौजूद रहीं।

इटारसी नवीन बस स्टैंड से बसों का संचालन शुरू, ऑटो पर आरटीओ की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आरटीओ प्रमोद कापसे ने नवीन बस स्टैंड का निरीक्षण कर स्थानीय बस संचालकों से चर्चा की। चर्चा के बाद विगत दिनों से बंद पड़ी सभी स्थानीय बसों का संचालन नवीन बस स्टैंड से पुनः प्रारंभ करा दिया गया है।

आरटीओ ने बताया कि शीघ्र ही नवीन बस स्टैंड से रेलवे स्टेशन और बाजार क्षेत्र के लिए ऑटो के निर्धारित किराए की जानकारी जारी की जाएगी। इटारसी से जमानी सहित अन्य मार्गों पर नगर पालिका सीमा के बाहर सवारी ले जाने वाले ऑटो की लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिससे बस संचालकों को





नुकसान हो रहा था। शिकायत पर आरटीओ ने कार्रवाई करते हुए 10 से अधिक अवैध ऑटो जब्त कर पथरौटा थाने में खड़े कराए।

स्थानीय बस संचालकों ने भी बाहर के ऑटो पर कार्रवाई का अनुरोध किया था ताकि बस स्टैंड संचालन में बाधा न आए। आरटीओ ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के बाहर सवारी परिवहन करने वाले अवैध ऑटो पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान सुरक्षित परिवहन के निर्देश दिए गए और बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई भी की गई।

हर हृदय में राम विराजित, वे अच्छे मार्गदर्शक हर व्यवहार में सच्चाई रखें : प्राचार्य डॉ. चटर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

द चैम्प्स फन स्कूल, नर्मदापुरम में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास, उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी एवं निदेशक श्रीमती जूही चटर्जी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम प्रभारी ख्याति गोइया के स्वागत उद्बोधन से हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों अवनी खंडेलवाल, अनिका चौहान, काव्या पटवा एवं पिहू मालवीय ने पूरे आत्मविश्वास और उत्साह के साथ मंच संचालन किया। उनकी प्रभावशाली एंकरिंग ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक एवं जीवंत बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रामायण पर आधारित नृत्य-नाटिका रही, जिसमें विद्यार्थियों



ने भगवान श्रीराम के जन्म से लेकर उनके वनवास एवं अयोध्या वापसी तक की महत्वपूर्ण घटनाओं को नृत्य और अभिनय के माध्यम से खूबसूरती से प्रस्तुत किया। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

वहीं एल.के.जी. के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने रामायण के विभिन्न पात्रों की वेशभूषा धारण कर आकर्षक फैंसी ड्रेस प्रस्तुति दी। सभी बच्चे अपने-अपने पात्रों के अनुरूप तैयार होकर मंच पर आए और पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने चरित्र का परिचय दिया। उनकी शानदार अभिव्यक्ति और प्रस्तुति ने सभी को खूब प्रभावित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को भगवान श्रीराम के जीवन एवं उनके आदर्शों से परिचित कराया। उन्होंने सरल शब्दों में समझाया कि हम सभी के भीतर राम अर्थात अच्छाई और सच्चाई का भाव होना चाहिए।

इटारसी में कारोबार को मिलेगा नया ठिकाना, रेलवे स्टेशन के सामने आकार ले रहा सिटी सेंटर

शहर के व्यावसायिक नक्शे पर जुड़ रही नई पहचान, गांधी नगर में आधुनिक बिजनेस और शॉपिंग डेस्टिनेशन के रूप में सिटी सेंटर की दस्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

तेजी से विस्तार लेते इटारसी शहर में व्यापार और व्यवसाय की गतिविधियां भी लगातार नई दिशा ले रही हैं। शहर की बढ़ती व्यावसायिक जरूरतों के बीच रेलवे स्टेशन के ठीक सामने गांधी नगर क्षेत्र में स्थित सिटी सेंटर अपनी अलग पहचान के साथ चर्चा में है। यह प्रोजेक्ट शहर के कमर्शियल परिदृश्य में एक नया नाम जोड़ रहा है।



व्यावसायिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण स्थान

इटारसी की सबसे महत्वपूर्ण विशेषताओं में रेलवे जंक्शन की पहचान प्रमुख है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन रहता है। रेलवे स्टेशन के सामने स्थित होने के कारण सिटी सेंटर को शहर के व्यावसायिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण स्थान मिला है। रेस्ट हाउस के सामने स्थित यह कमर्शियल प्रोजेक्ट लोकेशन के लिहाज से भी विशेष महत्व रखता है। बदलते समय के साथ कारोबार करने के तरीकों में भी बदलाव आया है। अब व्यापारी और व्यवसायी ऐसी जगहों को प्राथमिकता देते हैं, जहां व्यावसायिक गतिविधियों के लिए उपयुक्त वातावरण और शहर के प्रमुख हिस्सों तक सहज पहुंच हो। सिटी सेंटर इसी आधुनिक कमर्शियल पहचान के साथ बिजनेस सेंटर और शॉपिंग डेस्टिनेशन के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

व्यापारिक संपर्क का भी महत्वपूर्ण केंद्र इटारसी

इटारसी केवल रेलवे जंक्शन ही नहीं, बल्कि नर्मदापुरम, बैतूल और हरदा जिलों के बीच व्यापारिक संपर्क का भी महत्वपूर्ण केंद्र है। आसपास के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से लोगों का नियमित आवागमन शहर की व्यावसायिक गतिविधियों को गति देता है। ऐसे में शहर के प्रमुख स्थxान पर विकसित हो रहे कमर्शियल प्रोजेक्ट का महत्व और भी बढ़ जाता है। सिटी सेंटर की सबसे बड़ी विशेषता इसकी लोकेशन है।

अपनी अलग पहचान बना रहा है प्रतिष्ठान

रेलवे स्टेशन के सामने गांधी नगर में मौजूद यह प्रोजेक्ट शहर के व्यावसायिक मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बना रहा है। इटारसी में आधुनिक कमर्शियल स्पेस की तलाश कर रहे लोगों के लिए सिटी सेंटर एक महत्वपूर्ण नाम है।

खबर संक्षेप

थैलेसीमिया पीड़ित बच्चियों के लिए किया रक्तदान



बैतूल। धनतेरस के अवसर पर थैलेसीमिया से पीड़ित दो मासूम बच्चियों के लिए तीन रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इनमें श्याम खातरकर ने बी पॉजिटिव, पुणे के आईटी सेक्टर में कार्यरत विवेक पांसे ने ओ पॉजिटिव और बेंगलुरु के आईटी सेक्टर में कार्यरत जयश ने ओ पॉजिटिव रक्तदान किया।

मक्का और धान की फसल जली

बैतूल। ग्राम हरदोली में शुक्रवार दोपहर एक किसान के खेत में आग लगने से 8 एकड़ में खड़ी मक्का और धान की फसल जल गई। शुरुआती अनुमान के मुताबिक, किसान को एक लाख रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है। ग्राम हरदोली निवासी राजू गावांडे के खेत में शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। खेत में सूखी फसल और अवशेष होने से आग तेजी से फैलने लगी। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की और फिर फायर टीम को सूचना दी। सूचना मिलने पर ड्राइवर धनराज पवार और फायरकर्मी गिरीश पिपले फायर वाहन के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने आग बुझाने का काम शुरू किया।

धनतेरस पर बाजारों में आया बूम, लाखों-करोड़ों का व्यापार

शहर के बाजार रहे ग्राहकों से गुलजार, जमकर हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

दीपोत्सव के पर्व दीपावली की शुरूआत शुक्रवार धनतेरस से हो गई। धनतेरस पर बाजार में खरीददारी करने के लिए लोगों की भारी भीड़ रही। लोगों ने सराफा बाजार, बर्तन, कपड़ा, इलेक्ट्रानिक सामान, ऑटो मोबाईल सेक्टर में जमकर खरीददारी की। जिससे धनतेरस पर करोड़ों रूपए का कारोबार हुआ है। शहर के कोठीबाजार और गंज क्षेत्र में खरीददारी करने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। धनतेरस को लेकर सुबह से ही बाजार सज गए थे, आने वालों का सिलसिला शुरू हो गया था। दोपहर बाद तो बाजार में लोगों की खासी भीड़ रही, जहां लोगों में त्यौहार को लेकर गजब का उत्साह था। सबसे ज्यादा आभूषण और बर्तन की दुकानों पर भीड़ रही। हर कोई धनतेरस के मौके पर कुछ न कुछ खरीद लेना चाहता था। बाजार में खील बताशे की दुकानें भी सज गई थीं। अच्छी खरीदारी होने के बाद दुकान संचालकों ने भी राहत की सांस ली है। सबसे ज्यादा भीड़ सराफा बाजार, बर्तन, कपड़ा, इलेक्ट्रानिक्स और मोबाईल, ऑटो मोबाईल सेक्टर में देखने को मिली। बाजार में धनतेरस और दीपावली पर्व को देखते हुए मिट्टी के दीए भी बिकने के लिए आए है। यहां मिट्टी के दीए की जमकर खरीददारी हुई।



सराफा बाजार में भी ज्वेलरी की खरीदी

धनतेरस के मौके पर ज्वेलरी खरीदना भी शुभ माना जाता है। खरीददारी करने के लिए सराफा बाजार में ग्राहकों की भारी भीड़ रही। धनतेरस के दिन सोने-चांदी के दामों में बढ़ोत्तरी हो गई है।



इसके बावजूद भी ग्राहकी अच्छी देखने को मिली है। कोठीबाजार क्षेत्र के प्रसिद्ध मामा जी ज्वेलर्स, धनश्री ज्वेलर्स, मरोठी ज्वेलर्स, पगारिया ज्वेलर्स सहित अन्य ज्वेलर्स दुकानों पर ज्यादा ग्राहकों की भीड़ देखने को मिली है। देर शाम तक बाजार में खरीददारी होते रही। सोना-चांदी की दुकानों में लाखों-करोड़ों रूपए का कारोबार हुआ है। अच्छी खरीददारी होने से ज्वेलर्स दुकान संचालकों ने भी राहत की सांस ली है।

आटो मोबाइल सेक्टर में जमकर खरीददारी

धनतेरस के मौके पर ऑटो मोबाईल सेक्टर में लाखों-करोड़ों कारोबार हुआ है। धनतेरस के दिन बड़ी संख्या में दो पहिया वाहनों की खरीददारी हुई है। गंज स्थित आदित्य होण्डा शोरूम और खण्डेलवाल हीरो शोरूम में वाहनों की खरीददारी करने के लिए ग्राहकों की भीड़ लगी रही। शोरूम संचालकों का कहना है कि इस वर्ष ऑटो मोबाईल सेक्टर में पिछले वर्ष की अपेक्षा अच्छी खरीददारी हुई है। धनतेरस के लिए कई लोगों ने पहले से ही दो पहिया वाहनों की बुकिंग कर ली है। बुकिंग इसलिए की जाती है कि कई बार ग्राहकों की मनपसंद कलर की गाड़ी उन्हें उपलब्ध नहीं हो पाती है, इसलिए वे पहले से ही बुकिंग कर लेते है. देखने में आता है कि धनतेरस के मौके पर सबसे ज्यादा वाहनों की खरीददारी होती है।

सजावटी सामानों की भी जमकर खरीददारी

दीपावली त्योहार में लोग घरों को सजाते है। पर्व को देखते हुए बाजार में सजावट की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ लगी रही। कोठीबाजार और गंज क्षेत्र में दीपावली के मौके पर सजावट के लिए आर्टिफिशियल फूल, मालाएं ग्राहकों की पसंद बनी है। एलईडी लाईट, वंदनवार बिकने के लिए आई है। इलेक्ट्रानिक, सजावट, मिठाई, कपड़ा, पटाखा सहित अन्य दुकानों में भीड़ थी। इस बार पिछले वर्ष की तुलना कई वस्तुओं के दाम बढ़ गए हैं। इसके बावजूद लोगों ने जमकर खरीददारी की। यही उम्मीद थी कि महंगाई के कारण खरीददारी पर असर पड़ेगा, लेकिन इसके उलट असर देखने को मिला। धनतेरस पर लोग बाजारों में पहुंचे और जमकर खरीदी की। जिससे बाजार ग्राहकों से गुलजार रहे।

सुरक्षा के लिए पुलिस थी मुस्तैद

कोठी बाजार सीमेंट रोड एवं गंज बाजार में धनतेरस पर खरीददारी करने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा के इंतजार कड़े किए थे। पुलिस कर्मियों ने कोठी बाजार क्षेत्र में जगह-जगह बेरीकेट्स लगाकर यातायात व्यवस्था बनाई। चौपहिया वाहनों को बाजार में प्रवेश नहीं करने दिया, हालांकि दोपहिया वाहनों की एंट्री के चलते सीमेंट रोड की यातायात व्यवस्था बिगड़ गई थी, लेकिन यातायात पुलिस की मोटर साइकिल टीम ने निरंतर निगरानी की। वाहन चालकों को गाड़ी व्यवस्थित खड़ा करने और सडक पर ज्यादा देर वाहन न रोकने के लिए समझाईश दी गई। पुलिस कर्मी यातायात व्यवस्था पूरे समय बनाते रहे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था।

भारी वाहनों के बाजार में आने पर रोक

शहर में नो व्हीकल और नो एंट्री जोन बनाए


टांसपोर्ट नगर के अभाव में सडक पर लोडिंग-अनलोडिंग
शहर में बेलगाम यातायात व्यवस्था!

वाहनों से बाजार में लगता रहा बार-बार जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

यातयात पुलिस ने त्योहार पर बाजारों में बढ रही भीड़ को देखते हुए शहर के कई हिस्सों को नो व्हीकल्स जोन और नो एंट्री जोन बनाए हैं, ताकि लोगो को बाजार आने जाने में असुविधा ना हो। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि बैतूल ने शहर की बेलगाम यातायात व्यवस्था को लेकर प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था। इसके बाद तुरंत एक्शन में आए एसपी ने यातायात व्यवस्था बनाने को लेकर अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश दिए। इस पर यातायात पुलिस ने विशेष ट्रैफिक प्लान तैयार किया। इसके तहत भारी और बाहरी वाहनों का शहर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। प्रमुख बाजारों को नो व्हीकल जोन बनाया गया। त्योहारों के दौरान शहर की अंदरूनी सडकों पर भारी और बाहरी वाहनों को प्रवेश नहीं दिया गया। वाहनों को बाहरी रास्तों और बायपास मार्गों से निकाला गया।

खबर का असर

पुलिस ने यहां बनाई व्यवस्था

पुलिस ने शहर के कोठी बाजार, लल्ली चौक, सीमेंट रोड, गंज का तांगा स्टैंड, बाबू चौक क्षेत्रों में नो व्हीकल जोन व्यवस्था लागू की है। ताकि पैदल आने-जाने वाले ग्राहकों को परेशानी न हो। तीन स्थानों पर पार्किंग पुलिस ने न्यू बैतूल ग्राउंड, लल्ली चौक के पास स्थित ग्राउंड, रेलवे स्टेशन परिसर में पार्किंग बनाई है। नागरिकों से अपील की है कि वे अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें।

हरिभूमि ने उठाई थी यातायात की समस्या

हरिभूमि समाचार पत्र ने ट्रैफिक की समस्या को लेकर विगत दिनों समाचार का प्रकाशन किया था। जिसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने त्यौहारों में बाजार में उमडने वाली भीड़ को देखते हुए ट्रेफिक प्लान तैयार किया ।

प्लान के बाद भी लगता रहा सड़क पर वाहनों से जाम

यातायात पुलिस ने शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बनाने के लिए भले ही नो व्हीकल जोन और भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई थी, लेकिन इसके बावजूद भी वाहन चालक बड़ी संख्या में वाहनों को इन रास्तों पर लेकर आ रहे थे। इससे बाजार में बार-बार जाम की स्थिति बन रही थी । ऐसे लोगों को असुविधाओं का सामना भी करना पड़ रहा था। उल्लेखनीय की शहर में गज और कोठी बाजार प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र है। यहां पर बड़ी संख्या में दुकान होने के कारण खरीदारों की भीड़ इन्हीं जगहों पर ज्यादा रहती है।

बिरसा मुंडा जयंती पर दो दिवसीय आदिवासी महोत्सव, 14 को महारैली व प्रतिमा स्थापना

15 नवंबर को युवा महोत्सव में होगा ट्राइबल फैशन शो



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती पर बैतूल में 14 और 15 नवंबर को जिला एवं राज्य स्तरीय आदिवासी युवा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) की जिला स्तरीय बैठक में आयोजन की रूपरेखा तय की गई। बैठक रानी दुर्गावती ऑडिटोरियम में जिलाध्यक्ष संदीप कुमार धुर्वे की अध्यक्षता में हुई। इसमें जयंती को आदिवासी एकता, संस्कृति और स्वाभिमान के प्रतीक के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया।

आयोजन के पहले दिन 14 नवंबर को सोनाघाटी में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापना और विशाल महारैली निकाली जाएगी। महारैली ग्राम सांईखंडारा से शुरू होकर मिलानपुर टोल, बैतूल बाजार, बडोरा चौक, गेंदा चौक, कारगिल चौक, आंबेडकर चौक और सरदार विष्णुसिंह बस स्टैंड होते हुए सोनाघाटी पहुंचेगी। यहां भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। महारैली में जिलेभर से बड़ी संख्या में समाजजनों के शामिल होने की संभावना है। दूसरे दिन 15 नवंबर को शाम 5 बजे से रानी दुर्गावती ऑडिटोरियम, बैतूल में राज्य स्तरीय आदिवासी युवा महोत्सव आयोजित होगा। इसमें प्रदेशभर से आदिवासी समाज के लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम में आदिवासी पारंपरिक वेशभूषा पर आधारित ट्राइबल फैशन शो, पारंपरिक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा सामाजिक उद्बोधन, विचार-विमर्श और लोक कलाकारों का लाइव आर्केस्ट्रा कार्यक्रम भी आयोजित होगा। जयस एवं सर्व आदिवासी समाज संगठन ने जयंती के अवसर पर जिले के सभी 10 ब्लॉकों में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। इन कार्यक्रमों के संचालन के लिए ब्लॉक प्रभारियों की नियुक्तियां की गई हैं। बैठक में जिला उपाध्यक्ष रितिक बाबा परते, जिला सचिव राजकुमार काकोडिया, शिक्षा प्रभारी दिलीप पंद्राम, नगर अध्यक्ष राजू उइके, राज रावण परते, आमला ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद उइके, ब्लॉक उपाध्यक्ष सुनील उइके, संजू धुर्वे, अक्षय इवने, शैलेंद्र धुर्वे, सचिन उइके, जितेंद्र इवने, पिंटू पंद्रे, अंकित कुमरे, विकास उइके और नीतू कुमरे सहित बड़ी संख्या में जयस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बच्चों के चेहरों पर आई खुशी

गायत्री परिवार ने गरीब बच्चों को नई ड्रेस की वितरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

अखिल विश्व गायत्री परिवार घोड़ाडोंगरी एवं समाजसेवियों के सहयोग से विगत 5 वर्षों से गरीब छात्र/छात्राओं एवं दिव्यांग बच्चों को दीपोत्सव पर्व पर नई ड्रेसों का वितरण किया जाता है ।

6 नवंबर को सुबह ग्राम पंचायत कान्हावाड़ी के ग्राम पिपरीढाना में अखिल विश्व गायत्री परिवार घोड़ाडोंगरी एवं समाजसेवियों द्वारा पहुंचकर सर्वप्रथम वेद माता गायत्री एवं मां भारती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार घोड़ाडोंगरी के तहसील समन्वय डॉ मनोज पाटनकर, राजेंद्र मालवीय, बालाजी कंस्ट्रक्शन के आशीष अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, सुनील शर्मा, हरेराम मालवीय, पूर्व सरपंच नरेंद्र उइके, खेमराज पवार, वासुदेव नागले, संतोष सोनी, हेमंत साहू, बाबू सपरा एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। जहां ग्राम के 01 से 15 वर्ष तक के 50 बालक/बालिकाओं को नई ड्रेस एवं बालाजी कंस्ट्रक्शन के आशीष अग्रवाल द्वारा फटाखे, मिठाईयां, चॉकलेट पैकेट वितरित किए गए। नई ड्रेस मिलने से बच्चों एवं पालक अतिउत्साहित हुए एवं गायत्री परिवार घोड़ाडोंगरी एवं प्रबुद्ध जनों का तहे दिल से अभिवादन किया। गायत्री परिवार घोड़ाडोंगरी के तहसील समन्वयक डॉ.मनोज पाटनकर ने गायत्री मंत्र एवं गायत्री परिवार द्वारा समाज में चलाए जा रहे बाल संस्कार शाला, वृक्षारोपण सहित अनेकों कार्यक्रमों की जानकारी से अवगत कराया। आशीष अग्रवाल ने बच्चों को अच्छी पढ़ाई के साथ माता-पिता का नाम रोशन करने की बात कही।

डीएमएफ की बैठक में कलेक्टर ने की प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा

विभिन्न विभागों के प्रस्तावों पर की गई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला खनिज प्रतिष्ठान (डीएमएफ) की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले में डीएमएफ के अंतर्गत संचालित एवं प्रस्तावित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान जिले में एनक्वास (हक्त्रस्) फैसिलिटी विकसित किए जाने के संबंध में चर्चा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्वीकृत मरम्मत कार्यों का सत्यापन कराने के निर्देश जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) को दिए। वहीं, स्कूल शिक्षा विभाग के निर्माण कार्यों के प्रस्ताव जिला पंचायत सीईओ के साथ समन्वय कर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) के संचालन के लिए उपलब्ध भवनों की जानकारी ली। उन्होंने ग्राम लादी में दोना-पत्तल निर्माण गतिविधि को प्रोत्साहित करने के लिए जिला पंचायत सीईओ को प्रस्ताव तैयार करने तथा वन विभाग के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जिले के ऐसे सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए, जहां मरम्मत की आवश्यकता है। उन्होंने इन भवनों का आकलन कर आवश्यक मरम्मत कार्यों को वीबी-जी रामजी योजना से जोडने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि भवन उपलब्ध होने के बावजूद यदि आंगनबाड़ी केंद्र निजी भवनों में संचालित पाए जाते हैं, तो संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के वेतन से राशि की वसूली की जाएगी। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को जिले की पंचायतों में उपलब्ध राशि की जानकारी संकलित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सीसी रोड, स्टॉप डेम सहित अन्य निर्माण कार्यों के प्रस्तावों का सत्यापन कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पेयजल आपूर्ति, पशुपालन एवं पर्यटन के क्षेत्र में भी बड़े और महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाएं।

निःशुल्क पक्की रजिस्ट्री से बैंक ऋण, क्रय-विक्रय सहित विभिन्न कार्यों में मिलेगी सुविधा

स्वामित्व योजना से ग्रामीणों को मिल रहा संपत्ति का कानूनी अधिकार: उईके

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना 2026 के तहत धनतेरस के शुभ अवसर पर शुक्रवार को बैतूल जिले के 6 चयनित ग्रामों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पात्र हितग्राहियों के आवासीय भूखंडों के स्वामित्व अधिकार अभिलेखों का शत-प्रतिशत पंजीयन कराया गया।

इसी क्रम में बैतूल विकासखंड के ग्राम साकादेही में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री एवं सांसद दुर्गादास उईके की उपस्थिति में पंजीयन कार्य शत प्रतिशत संपन्न किया गया। कार्यक्रम में जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य सुधाकर पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह, तहसीलदार डॉली रायकवार, नितिन बारस्कर, माधवराव मानकर, बबलू नागले, सोनू धुर्वे, ओम मालवीय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीणों को उनकी आवासीय संपत्ति का कानूनी मालिकाना हक प्रदान किया जा रहा है। यह योजना ग्रामीण परिवारों के आर्थिक सशक्तिकरण और उनके सुरक्षित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि पहले ग्रामीणों के पास मकान होने के बावजूद वैधानिक दस्तावेज नहीं होने से बैंक से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई होती थी। अब पक्की रजिस्ट्री मिलने से ग्रामीण अपनी संपत्ति के आधार पर बैंक ऋण प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही संपत्ति के क्रय-विक्रय सहित विभिन्न कार्यों में भी उन्हें सुविधा मिलेगी।



पीएम-सीएम अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की करते हैं चिंता

केंद्रीय मंत्री श्री उईके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के सुख-दुख की चिंता करते हुए उनके कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। विधायक हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व में बैतूल जिला विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने स्वामित्व पंजीयन कार्य के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे एवं जिला प्रशासन की पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने धनतेरस के अवसर पर ग्रामीणों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वामित्व योजना से प्राप्त पंजीकृत दस्तावेज ग्रामीणों के लिए अनेक प्रकार से लाभकारी सिद्ध होंगे।

पुख्ता दस्तावेजों के अभावमें होती थी कठिनाईयां

जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री हंसराज धुर्वे ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्रामीणों को उनकी आबादी भूमि पर मालिकाना हक दिलाने की महत्वपूर्ण सौगात दी है। पहले आबादी भूमि के पट्टे होने के बावजूद पुख्ता दस्तावेजों के अभाव में ग्रामीणों को बैंक ऋण लेने तथा संपत्ति के क्रय-विक्रय में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब योजना के तहत पात्र ग्रामीणों को निःशुल्क पक्की रजिस्ट्री का लाभ मिल रहा है।

हितग्राहियों के स्वामित्व पट्टों का निशुल्क पंजीयन

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने योजना के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि पात्र हितग्राहियों के स्वामित्व पट्टों का पंजीयन निःशुल्क किया जा रहा है। रजिस्ट्री पर लगने वाली स्टाम्प ड्यूटी, पंजीयन शुल्क एवं पंचायत उपकर का व्यय मध्यप्रदेश शासन द्वारा वहन किया जाएगा। पंजीकृत दस्तावेजों के आधार पर ग्रामीणों को बैंक ऋण लेने, संपत्ति के क्रय-विक्रय तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि राजस्व अमले एवं पटवारियों के निरंतर परिश्रम से जिले में कुल 1 लाख 15 हजार रजिस्ट्री के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 45 हजार रजिस्ट्री का पंजीयन किया जा चुका है। वहीं बैतूल तहसील के 157 ग्रामों में कुल 15 हजार 684 प्लॉट के विरुद्ध 6 हजार से अधिक रजिस्ट्री का पंजीयन पूर्ण किया जा चुका है। बैतूल तहसील के 10 ग्रामों में शत प्रतिशत रजिस्ट्री पूर्ण हो गई है।

स्वामित्व योजना से ग्रामीणों को मिलेंगे ये प्रमुख लाभ

योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को आवासीय संपत्ति की पक्की रजिस्ट्री निःशुल्क मिलेगी। इससे उन्हें संपत्ति का कानूनी मालिकाना हक प्राप्त होगा तथा बैंक से ऋण लेने, संपत्ति की खरीद-बिक्री, गिरवी रखने एवं वसीयत करने में सुविधा होगी। ड्रोन सर्वे से मकानों की नपाई और सीमाओं का निर्धारण होने से संपत्ति संबंधी पारिवारिक एवं पड़ोसी विवादों में कमी आएगी। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि एवं पेंशन जैसी शासकीय योजनाओं में संपत्ति संबंधी प्रमाण प्रस्तुत करना आसान होगा। ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों के माध्यम से पंजीयन की सुविधा मिलने से ग्रामीणों को रजिस्ट्रार कार्यालय के चक्कर भी नहीं लगाने पड़ेंगे।

केंद्रीय राज्यमंत्री उईके ने सड़क निर्माण का किया भूमिपूजन



बैतूल। केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री एवं बैतूल सांसद दुर्गादास उईके ने आज घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण एवं जनजातीय अंचलों के विकास की दिशा में दो महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इन दोनों सड़क परियोजनाओं पर कुल 43 करोड़ 72 लाख 66 हजार रुपये की राशि व्यय की जाएगी। केंद्रीय राज्यमंत्री उईके ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जनजातीय क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार तथा सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारा प्रयास है कि विकास की रोशनी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और दूरस्थ ग्रामीण अंचलों को भी बेहतर सुविधाएं मिलें। उन्होंने बताया कि ग्राम बांसपुर से शांतिपुर मार्ग के 5.52 किमी लंबाई के सड़क निर्माण कार्य पर 4 करोड़ 22 लाख 18 हजार रुपये वहीं, मौंरा-सातलदेही-चोपना-सिवनपाट मार्ग के 15.80 किलोमीटर लंबे सड़क निर्माण कार्य पर 39 करोड़ 50 लाख 48 हजार रुपये लागत से किए जाएंगे।

खबर संक्षेप

दक्ष हुए नौनिहाल तो शिक्षकों ने बढ़ाया उत्साह



माखननगर। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (FLN) को मजबूत बनाने की दिशा में शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला सिरवाड़ में शिक्षकों की सराहनीय पहल देखने को मिली। कक्षा 1 एवं 2 के विद्यार्थियों द्वारा FLN अंतर्गत हिंदी, गणित एवं अंग्रेजी विषयों की निर्धारित औसत दक्षताएं पूर्ण करने पर जनशिक्षक डॉ. अमजद खान एवं लक्ष्मण सिंह इरपाचे के मार्गदर्शन में कक्षा 1 एवं 2 के शिक्षक नरेश मालवीय तथा सहयोगी शिक्षक संतोष कुमार मीना ने बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रत्येक विद्यार्थी को कंपास एवं स्टेशनरी सामग्री भेंट की। शिक्षकों की इस पहल से बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ाने का सकारात्मक प्रयास किया गया है। विद्यालय में FLN की मजबूत बुनियाद का असर अब आगे की कक्षाओं में भी दिखाई दे रहा है। कक्षा 3, 4 एवं 5 के विद्यार्थी FLN एवं एटग्रेड (At Grade) की पुस्तकों में दिए गए अभ्यास कार्यों को आसानी और आत्मविश्वास के साथ पूरा कर पा रहे हैं। जिला परियोजना समन्वयक डॉ. राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में जिले के समस्त प्राथमिक विद्यालयों में FLN गतिविधियों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को उसकी कक्षा के अनुरूप पढ़ने, लिखने और गणितीय गणनाओं की आवश्यक दक्षताओं में पारंगत बनाना है।

सोहागपुर ब्लॉक के आदिवासी ग्राम रैनीपानी का मामला

खुलासाः पुत्र ने की सगी मां सहित सौतेले पिता कि लकड़ी से पीट-पीटकर की हत्या

रैनीपानी गांव में एक व्यक्ति ने अपने सौतेले पिता एवं सगी मां की गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात हत्या कर दी है। मामले में पुलिस ने आरोपी को छह घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर थाने के रैनीपानी गांव में एक व्यक्ति ने अपने सौतेले पिता एवं सगी मां की गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात हत्या कर दी है। पुत्र ने माता-पिता को लकड़ी से पीट-पीटकर मार डाला। पुलिस ने आरोपी को छह घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया है।

मामले में सोहागपुर थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने शुक्रवार दोपहर प्रेस नोट जारी किया है। जिसके अनुसार गुरुवार पांच नवंबर 2026 को रात करीब 11 बजे रैनीपानी से सूचना मिली कि गांव में रहने वाले बुजुर्ग दंपत्ति राधे उईके और उसकी पत्नी तितो बाई उर्फ कृष्णा उईके के घर पर उनकी मृतदेहें पड़ी हैं। दोनों के सिर और बदन से खून निकल रहा है। तत्काल अधिकारियों को घटना बावत सूचित कर सोहागपुर थाने से पुलिस बल मौके पर पहुंचा। घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए एवं अपराध क्रमांक 694/2026 धारा 103(1) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया। टीआई त्रिपाठी के प्रेसनोट के अनुसार आसपास के रहवासियों ने पुलिस को घटना के पहले मृतक दंपती की पुत्र कमलेश उईके से विवाद की बात बताई। घर के पिछले दरवाजे से जंगल की ओर कमलेश के भागने की जानकारी भी पुलिस को दी गई। मामले में नर्मदापुरम-एसपी दीपक शुक्ला तथा एएसपी अभिषेक राजन ने एसडीओपी सोहागपुर अरविंद शाह को प्रकरण में तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस ने घटना के लगभग छह घंटे के अंदर ही आरोपी कमलेश उईके को गिरफ्तार कर लिया है।

मृतकों व आरोपी का विवरण

पूछताछ में सोहागपुर थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने हरिभूमि को बताया कि मृतक राधे उईके की आयु 55 वर्ष है। तथा उसकी पत्नी तीतो बाई उर्फ कृष्णा उईके की आयु 53 वर्ष है। राधे उईके से कृष्णा उईके ने अपने पहले पति की मृत्यु के बाद शादी की थी। मामले में आरोपी कमलेश उईके की आयु थाना प्रभारी ने 38 वर्ष बताई है। थाना प्रभारी त्रिपाठी के अनुसार फिलहाल आरोपी कमलेश उईके ग्राम बांसखापा में किसी पटेल के खेत में ठेके पर पानी देने का काम कर रहा था।

इस टीम ने की पूरी रात मेहनत

उक्त कार्रवाई में टीआई गिरीश त्रिपाठी, एसआई विवेक यादव, राहुल पटेल एवं शहादत अली, प्रधान आरक्षक संजीव धुर्वे, विनोद नागर, मनीराम पटेल, आरक्षक अजमेर सिंह परिहार, सुनील ओझा, मनोहर दायमा, नीलेश रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पूरी टीम टीआई गिरीश त्रिपाठी के नेतृत्व में पूरी रात घटनास्थल पर रही। मौका मुआयना किया एवं आसपास आरोपी की सर्चिंग की। तथा शुक्रवार सुबह आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की। जिससे मामले का तत्काल खुलासा हुआ है।

एफएसएल टीम पहुंची



थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी द्वारा जारी प्रेसनोट के अनुसार प्रकरण में एफएसएल, डॉग स्क्वाड, फिंगर प्रिन्ट एक्सपर्ट व पुलिस अधिकारियों ने घटना स्थल से साक्ष्य एकत्र किए। आरोपी कमलेश उईके को भी सोहागपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके सगे पिता काशीराम उईके थे। जिनकी मृत्यु होने पर कमलेश की मां ने राधे उईके से शादी की। ताजा मामले में कमलेश ने पुलिस को बताया कि उसकी गर्भवती पत्नी की डिलेवरी रैनीपानी में घर पर हो। लेकिन कमलेश का सौतेला पिता राधे इस बात को लेकर बहस कर रहा था। घटना वाली रात कमलेश, उसके सौतेले पिता और मां ने शराब पी। नशे में विवाद बढ़ गया तो आरोपी ने चूल्हे में जलती मोटी लकड़ी उठाकर दंपत्ति के सिर व शरीर पर कई वार किए और घटना के बाद भाग गया। जिसे पुलिस टीम ने छह घंटे की सर्चिंग के बाद कच्चे नाले से हिरासत में लिया।

पिपरिया में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से ठप हुई व्यवस्था

कचरे के ढेर और चौराहों पर फैली गंदगी से बढ़ी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया नगरपालिका परिषद क्षेत्र में सफाई कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से शहर की साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। लगभग 200 सफाई कर्मचारियों के काम पर न लौटने से जगह-जगह कचरे के ढेर जमा होने लगे हैं।

मुख्य मांगें और हड़ताल की वजह

सफाई कर्मचारी संगठन के नेता रविशंकर वाल्मीकि ने जानकारी देते हुए बताया कि कर्मचारियों की कुल 16 सूत्रीय मांगें हैं। इनमें मुख्य रूप से लंबे समय से कार्यरत अस्थाई कर्मचारियों को नियमित (स्थाई कर्मी) करने और वेतन में वृद्धि करने जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं, जिन पर अंतिम निर्णय मध्य प्रदेश शासन स्तर से लिया जाना है। कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर यह चौथी बार हड़ताल की जा रही है।त्योहारी सीजन और उसके बाद बाजार में लगातार बढ़ती गतिविधियों के कारण दुकानों के सामने कचरा जमा होता जा रहा है, जिसे आवारा जानवर चारों तरफ फैला रहे हैं, जिससे शहर में बदइंतजामी साफ नजर आ रही है।

प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की अपील व वैकल्पिक प्रयास

- **जनता से अपील और ऑटो रिक्शा का सहारा :** मुख्य नगरपालिका अधिकारी (CMO) सतीश मालवीय के निर्देश पर नगर में माइक लगे ऑटो रिक्शा भेजकर नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे कचरा अपने पास जमा रखें। हड़ताल समाप्त होने के बाद कचरे का उठाव किया जाएगा।
- **जनप्रतिनिधियों का मोर्चा :** नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी और मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से जनता से सहयोग की अपील की जा रही है। अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल ने स्पष्ट किया है कि वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है और यदि जल्द हड़ताल समाप्त नहीं हुई, तो स्वयं जनप्रतिनिधि आगे आकर शहर की सफाई व्यवस्था संभालेंगे।

अतिथियों ने शाला के रसोइयों को बांटे उपहार और मिठाई

शासकीय माध्यमिक शाला गुंदरई में मना दीपोत्सव पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



गुरुवार को सोहागपुर ब्लॉक के शासकीय मिडिल स्कूल ग्राम गुंदरई में दीपोत्सव पर्व प्रबंधन द्वारा मनाया गया। शाला के प्रभारी भरत साहू द्वारा यह अनूठी पहल स्टाफ तथा विद्यार्थियों के लिए की गई।

भरत साहू द्वारा शाला के चार रसोईयों को साड़ी एवं मिठाई भेंट की गई। शाला के समस्त छात्रों में मिठाई का वितरण भी किया गया। इसके बाद शाला के छात्रों के साथ आतिशबाजी की गई। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य सुनीता गढ़वाल द्वारा सभी छात्रों एवं शिक्षकों को दीपोत्सव की बधाई दी गई। बीआरसीसी राकेश रघुवंशी ने सभी उपस्थितजनों को दीप पर्व की शुभकामनाएं दीं तथा आतिशबाजी जलाते समय सावधान रहने की सलाह दी। अधिकारियों ने शाला प्रभारी भरत साहू की अनोखी पहल का स्वागत किया। बीईओ राकेश कुमार उइके ने छात्रों को अवकाश द्वीरान पढ़ाई पर भी ध्यान केंद्रित करने को कहा। इस दौरान बीएसी मेथलीशरण पटेल, जनशिक्षक अशोक गज्जाम, राजेश दीक्षित, शिक्षक तरबर पटेल, शाला प्रभारी भरत साहू सहित स्टाफ से सुमन डोंगरे, गोविन्द ब्रम्हवंशी, महेन्द्र पटेल, आशीष किरार आदि भी उपस्थित रहे।

सरस्वती शिशु मंदिर सोहागपुर में उत्साहपूर्वक मनाई गई दीपावली, प्रबंधन ने बांटे आचार्य दीदियों को उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



विद्या भारती के विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर सोहागपुर में दीपोत्सव गत दिवस उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर भैया बहनों ने श्रीराम, सीता मैया, लक्ष्मण जी, हनुमान जी एवं वानर सेना के स्वरूप में तैयार होकर विद्यालय में प्रवेश किया। छोटे-छोटे बच्चों को श्री राम दरबार के स्वरूप में देखकर हर्षोल्लास से सभी भैया बहन झूम उठे एवं विद्यालय में राममय वातावरण निर्मित हो गया। श्री रामचरित्र मानस की चौपाईयों का वाचनकर शाला प्राचार्य अशोक दुबे भैया बहनों का उत्साहित करते दिखाई दिए। इसके बाद भैया बहनों ने फुलझड़ी व अनार जलाकर दीपोत्सव मनाया। इस अवसर पर प्रबंध समिति द्वारा आचार्य परिवार एवं सेवक सेविकाओं को उपहार स्वरूप भेंट प्रदान की गई। कार्यक्रम में समिति संरक्षक कन्नूलाल अग्रवाल, समिति अध्यक्ष कृष्ण कुमार पालीवाल, व्यवस्थापक संजीव दुबे, कोषाध्यक्ष अभिषेक जैन, सदस्य सौरभ सोनी एवं प्राचार्य अशोक दुबे सहित आचार्य दीदी एवं भैया बहन उपस्थित रहे।

भाजपा की रैली में संदीपनि की बसों के उपयोग का आरोप, नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



गत दिनों भाजपा द्वारा भोपाल में एक रैली का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपाइयों के भोपाल पहुंचने को लेकर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए हैं। सोहागपुर नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल ने उक्त मामले में सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट किया है।

वीडियो में सोहागपुर नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल का कहना है कि भाजपा की रैली में शासकीय संदीपनी स्कूल की बसों का उपयोग किया गया। इन बसों से भाजपा कार्यकर्ताओं एवं कई शासकीय कर्मचारियों को रैली में कार्यकर्ताओं की भांति ले जाया गया है। यह शासन द्वारा अपनी शक्ति का दुरुपयोग है। प्रशांत जायसवाल का कहना है कि शासकीय विद्यालय में विद्यार्थियों को लाने एवं छोड़ने के लिए अनुबंधित बसों का उपयोग राजनीतिक दल के लाभ के लिए किया जाना पूर्णतया अनुचित है। उन्होंने चर्चा में हरिभूमि के सोहागपुर प्रतिनिधि से यह भी कहा कि बसों का उपयोग विद्यार्थियों के लिए होना था। और यदि बसों का उपयोग भाजपा की रैली के लिए किया गया है तो उस दिन विद्यार्थी स्कूल में कैसे आए? और फिर अवकाश के बाद स्कूल से घरों तक कैसे पहुंचे? प्रशांत जायसवाल के ये सवाल जांच का विषय हो सकते हैं। कांग्रेस नेताओं के अनुसार राजनीतिक दल की रैली में शासकीय बसों एवं सरकारी कर्मचारियों का दुरुपयोग निंदनीय है। जांच जरूर की जानी चाहिए।

फैथ क्रिकेट क्लब ने लेपर्ड भोपाल को हराया

सीहोर। शहर के बीएसआई क्रिकेट मैदान पर एकलव्य क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में आयोजित सैकेंड एकलव्य टी-20 लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 के पांचवें दिन क्रिकेट प्रेमियों को एक बार फिर रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। फैथ क्रिकेट क्लब और लेपर्ड भोपाल के बीच खेला गया मैच निर्धारित 20 ओवर में बराबरी पर समाप्त हुआ, जिसके बाद मुकाबले का फैसला सुपर ओवर से हुआ। सुपर ओवर में फैथ क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में यह दूसरा मुकाबला रहा, जिसका निर्णय सुपर ओवर से हुआ। निखिल जूनियर ने बीसीए भोपाल को 43 रन से पराजित किया।

व्यापारी संघ अध्यक्ष ने अस्थाई दुकानों के व्यवस्थापन पर की पहल मुख्य बाजार में लगी दुकानें, दुकान यथावत रखने की हुई थी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



शहर में त्योहारी सामग्री दुकानें स्टेट हाईवे किनारे लगती हैं। जिससे यातायात बाधा की संभावना देखते हुए प्रशासन ने निर्णय लिया था कि अस्थाई दुकानें मंडी में लगेंगी। लेकिन सोहागपुर व्यापारी संघ सहित राजनीतिक दलों ने दुकानें दीपावली तक स्टेट हाईवे किनारे यथावत रखने की मांग प्रशासन से की थी। जिसकी अनुमति कुछ शर्तों के अधीन प्रशासन से मिली है।

सोहागपुर व्यापारी संघ के नव नियुक्त अध्यक्ष विजय नन्नू छाबड़िया ने शुक्रवार सुबह अधिकारियों से फोन पर चर्चा की तथा कहा कि मिट्टी के दिये, झाड़, टोकनी तथा प्रतिमाओं की दुकानें स्टेट हाईवे किनारे ही संचालित करने दी जाएं। जिस पर प्रशासन ने व्यापारी संघ से सहयोग मांगा कि स्टेट हाईवे से करीब 10 फीट दूर दुकानों की हद तय की जाएगी। इससे बाहर व्यापारी दुकानें नहीं लगाएंगे। जिस पर सभी पक्षों ने सहमति दी एवं दुकानों का संचालन शुरू हुआ है। इसके पूर्व गुरुवार हाट बाजार दिवस पर ये दुकानें हाईवे किनारे ही लगी थीं। इस पर अस्थाई दुकान व्यापारियों ने प्रसन्नता व्यक्ति है कि त्यौहारी समय में उन्हें पारंपरिक स्थल पर दुकान लगाने की अनुमति मिली है। जिसके लिए व्यापारियों ने राजनीतिक दलों एवं व्यापारी संघ सोहागपुर का आभार जताया।

गत एक सप्ताह में भाजपा तथा कांग्रेस नेताओं द्वारा अधिकारियों से भेंटकर आग्रह किया था कि स्टेट हाईवे के काफी करीब दुकान भले ही ना लगने दी जाएं। लेकिन स्टेट हाईवे किनारे से अस्थाई दुकानों को दीपावली तक ना हटाया जाए। बाद में व्यापारियों एवं व्यवस्था के हित में सामूहिक विचार कर निर्णय लेंगे। इस दौरान कांग्रेस से नगर अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल, पार्षद भास्कर माझी, कांग्रेस नगरीय निकाय प्रकोष्ठ नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष ऋषभ दीक्षित आदि उपस्थित रहे। वहीं भाजपा से नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, पूर्व पार्षदद्वय संजय तिवारी एवं राकेश चौरसिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज ने प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चाकर अस्थाई दुकानों को मुख्य बाजार क्षेत्र में फिलहाल व्यवस्थित करने की बात कही थी। सभी के संयुक्त प्रयासों से त्यौहारी समय में अस्थाई दुकानों को यथावत स्थान मिला है।

किसानों ने की जमकर खरीदारी, सराफा बाजार में रौनक

धनतेरस पर चमका बाजार, करोड़ों का हुआ व्यापार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



दीपावली के पावन पर्व पर पिपरिया नगरपालिका क्षेत्र के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिली है। इस बार के त्योहारी सीजन में स्थानीय बाजारों का कुल व्यापार लगभग 3 करोड़ रुपये के आसपास पहुंच गया है। बाजार की इस चमक और रौनक के केंद्र में मुख्य रूप से क्षेत्र के किसान रहे हैं, जिनकी क्रय शक्ति ने स्थानीय व्यापारियों के चेहरों पर मुस्कान ला दी है।

कृषि उपज मंडी की सक्रियता

पिपरिया कृषि उपज मंडी में वर्तमान समय में प्रतिदिन 25 हजार से 50 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो रही है। किसानों को उनकी उपज का प्रतिदिन भुगतान मिलने से उनके हाथों में नकदी का प्रवाह सुचारू बना हुआ है। किसानों के पास पर्याप्त राशि होने का सीधा सकारात्मक प्रभाव स्थानीय बाजारों पर पड़ा है। कुछ समय पहले जब प्रधानमंत्री द्वारा संयम व सतर्कता की अपील की गई थी, तब बाजार में कुछ सुस्ती और नरमी जरूर देखी गई थी, लेकिन वर्तमान में किसानों की सक्रिय खरीदी ने बाजार के सभी सेक्टरों में जोरदार उछाल ला दिया है।

सराफा बाजार में डेढ़ करोड़ का कारोबार

सराफा व्यवसायी एवं सराफा संघ के अध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी ने बताया कि सोने-चांदी की कीमतों में आए आंशिक सुधार के बीच बाजार में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी। किसानों और स्थानीय नागरिकों की खरीदारी के चलते अकेले सराफा बाजार में ही धनतेरस के दिन लगभग 1 करोड़ 50 लाख रुपये का व्यापार दर्ज किया गया। सराफा संघ के अनुसार, ग्राहकों ने अपने-अपने बजट और परंपरा के अनुसार जमकर जेवरात व अन्य सामग्रियों की खरीदी की।

सभी व्यापारिक वर्गों में दिखी बहार

दीपावली के अवसर पर जब शहर के अन्य दुकानदारों और व्यापारियों से चर्चा की गई, तो सभी ने एक स्वर में व्यापार में सुधार की बात स्वीकार की। इलेक्ट्रॉनिक, ऑटोमोबाइल, कपड़ा, बर्तन और किराना समेत अन्य सभी प्रतिष्ठानों पर खरीदारों की खासी भीड़ लगातार बढ़ती रही। धान खरीदी के निरंतर भुगतान और मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था के दम पर पिपरिया के मुख्य बाजारों में व्यापार का यह आंकड़ा लगभग 3 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। व्यापारियों को उम्मीद है कि आने वाले मुहूर्तों पर भी बाजार में यह तेजी बरकरार रहेगी।

पदोन्नति प्राप्त वनकर्मियों का पदोन्नति अलंकरण समारोह में किया गया सम्मान

सोहागपुर। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में वन विभाग के मैदानी अमले के उत्साहवर्धन एवं उनके सेवाभाव को सम्मानित करने के उद्देश्य से आज पदोन्नति अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में हाल ही में वनरक्षक से वनपाल तथा वनपाल से उप वन क्षेत्रपाल के पद पर पदोन्नति प्राप्त करने वाले 24 वनकर्मियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र संचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व एवं उप संचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व द्वारा पदोन्नत हुए सभी कर्मचारियों की यूनिफार्म में स्टार लगाकर उनके उत्कृष्ट सेवाकाल, कर्तव्यनिष्ठा एवं वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण के प्रति समर्पण की सराहना की गई। अधिकारियों ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा व्यक्त की कि वे अपनी पदोन्नति के साथ प्राप्त नवीन दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

इस बार की दीपावली मिलन में नहीं गूंजे आरोप-प्रत्यारोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

ग्रेन सीड्स एंड दाल मर्चेंट एसोसिएशन द्वारा हर साल आयोजित होने वाले दीपावली मिलन समारोह के स्वरूप में इस बार एक बड़ा और अनुकरणीय बदलाव देखने को मिला है। राजनीतिक और वैचारिक मतभेदों के कारण पिछले कुछ वर्षों से इस मंच का उपयोग शुभकामनाएं देने के बजाय पक्ष-विपक्ष की तीखी बयानबाजी और सियासी भड़ास निकालने के लिए होने लगा था। स्थिति यह बन गई थी कि सौहार्द का यह मंच धीरे-धीरे आपसी कटुता और रंजिश को बढ़ाने का जरिया बनता जा रहा था। इसी असहज स्थिति से सबक लेते हुए एसोसिएशन ने इस बार कार्यक्रम की रूपरेखा में आमूल-चूल परिवर्तन किया है।

इस बार के मिलन समारोह में किसी भी प्रकार के औपचारिक उद्बोधन, भाषण या अतिथियों को मंच पर आमंत्रित कर लंबी फेहरिस्त रखने की परंपरा को समाप्त कर दिया गया है। कार्यक्रम को दोपहर 12 बजे से सीधे स्नेह भोज के रूप में रखा गया है। इस नए बदलाव का मुख्य उद्देश्य सियासत और तकरार को दरकिनार कर केवल और केवल आपसी मेल-मिलाप, भाईचारे और मिठास को बढ़ावा देना है। बिना किसी राजनीतिक भाषणबाजी के आयोजित इस सहज और सरल स्नेह भोज ने कार्यक्रम में शामिल हुए सभी व्यापारियों, गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को बिना किसी तनाव के आपस में मिलने-जुलने का एक बेहतरीन और सकारात्मक अवसर प्रदान किया है।

खबर संक्षेप

रोजगार मेला युवा संगम 12 को होगा

हरदा। जिले के युवाओं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 नवम्बर गुरूवार को एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला एवं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) हरदा में प्रातः 10 बजे से आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मणसिंह सिलोटे ने बताया कि 12वीं पास या दो वर्षीय ट्रेड से आईटीआई उत्तीर्ण 18 से 23 वर्ष तक के महिला एवं पुरुष दोनों आवेदक शामिल हो सकेंगे। आवेदकों को अपने सभी शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रति, छायाप्रति और बायोडाटा साथ लाना अनिवार्य होगा।

खाटू श्याम मंदिर में आस्था का नजारा दिखा

हरदा। रमा एकादशी के पावन अवसर पर प्रताप सिटी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में गुरुवार को भक्ति और आस्था का नजारा दिखा। पीले और रंग-बिरंगे सुगंधित फूलों से बाबा का दरबार सजाया गया। मंदिर में मनमोहक श्रृंगार हुआ। हरदा नरेश के अलौकिक स्वरूप के दर्शन के लिए सुबह से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। भक्तों ने बाबा के दरबार में शीश नवाया। परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। एकादशी के विशेष अवसर पर हरदा नरेश का पीले और विभिन्न रंगों के सुगंधित पुष्पों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। फूलों से सजे दरबार की छटा देखते ही बन रही थी। बाबा के मनोहारी स्वरूप के दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर नजर आए। मंदिर परिसर में जय श्री हरदा नरेश और जय श्री श्याम के जयकारे गूंजते रहे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रमा एकादशी का विशेष महत्व है। यह एकादशी भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी को समर्पित है। इस दिन व्रत, पूजा-अर्चना और दीपदान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। इसी आस्था के साथ श्रद्धालुओं ने हरदा नरेश के चरणों में शीश नवाकर सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की

कपास के बीच उगाए गांजा के पौधे जब्त

बुरहानपुर। जिले में चार दिन में गांजा की खेती पर पुलिस की यह तीसरी कार्रवाई है। खकनार पुलिस ने ग्राम उसारणी के एक खेत से कपास के बीच उगाए गए गांजा के 50 पौधे जब्त किए। इनका वजन 107.200 किलो और कीमत करीब 2 लाख रुपए बताई गई है। खकनार थाना प्रभारी अभिषेक जाधव ने बताया कि एसपी आशुतोष बागरी, एएसपी प्रदीप शेंडे और नेपानगर एसडीओपी जयराज सोलंकी के निर्देश पर जिले में नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, मुखबिर से सूचना मिलने पर शुक्रवार को उसारणी गांव में दबिश दी गई। पुलिस ने प्रताप पिता भगर सिंग चंगड़ के खेत से कपास की फसल के बीच लगाए गए गांजे के पौधे जब्त किए। पौधों की लंबाई करीब 4 से 8 फीट थी। प्रताप फरार है। इससे पहले मंगलवार को नेपानगर पुलिस ने मांडवा के पटेल मोहल्ला में प्रकाश पिता कुंवर सिंग के खेत से गांजा के 96 पौधे जब्त किए थे। पुलिस के अनुसार, खेत में कपास और तुअर की फसल के बीच 50 पौधे लगाए गए थे।

फुटबॉल में संभाग स्तर पर छात्रों का चयन

खरगोन। क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन के निर्देशानुसारस्टेडियम मैदान पर शासकीय विधि महाविद्यालय, खरगोन द्वारा संभाग स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संभाग के 5 जिलों से आए 7 विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने सहभागिता कर अपने खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुकाबलों के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर आगामी उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में संभाग का प्रतिनिधित्व करने के लिए 19 छात्र एवं 14 छात्राओं सहित कुल 33 खिलाड़ियों का चयन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय कुलगुरु डॉ. एम.एल. कोरी रहे। विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अजय वर्मा तथा विशेष अतिथि के रूप में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन के प्राचार्य डॉ. जी.एस. चौहान उपस्थित रहे।

नरवाई जलाने पर रोक के लिए कलेक्टर ने ली बैठक

खेतों में नरवाई जलाने पर लगेगा 2,500 से 15 हजार तक अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



खेतों में नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने और किसानों को फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री गुरु प्रसाद की अध्यक्षता में हार्वेस्टर संचालकों, कस्टम हायरिंग केंद्र संचालकों, गोशाला संचालकों एवं प्रगतिशील किसानों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान, प्रतिबंधात्मक आदेश के प्रावधानों तथा फसल अवशेषों के वैकल्पिक उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर प्रसाद ने कहा कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति एवं स्वास्थ्य प्रभावित होता है। इससे किसानों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। नरवाई जलाने से प्रति एकड़ लगभग 6 से 7 हजार रुपये तक का नुकसान होने का अनुमान है। इसलिए किसान फसल अवशेषों को जलाने के बजाय उनका उचित प्रबंधन करें और उपयोगी संसाधन के रूप में अपनाएं। बैठक में धारा 163 के अंतर्गत नरवाई संबंधी जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के प्रावधानों की जानकारी दी गई। जिले में फसल अवशेष जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वाले किसानों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई के साथ पर्यावरण क्षतिपूर्ति अर्थदंड भी लगाया जाएगा। बैठक में अपर कलेक्टर रेखा राठौर, जिला पंचायत सीईओ मिलिंद कुमार नागदेवे, उप संचालक कृषि शिवसिंह राजपूत, सभी एसडीएम, जनपद पंचायतों के सीईओ, सहायक कृषि यंत्री तथा कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

रकबे के अनुसार लगेगा अर्थदंड

फसल अवशेष जलाने की प्रत्येक घटना पर किसानों के भूमि रकबे के अनुसार अर्थदंड निर्धारित किया गया है। दो एकड़ से कम भूमि वाले किसानों पर 2,500 रुपये, दो से पांच एकड़ तक भूमि वाले किसानों पर 5,000 रुपये तथा पांच एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों पर 15,000 रुपये का अर्थदंड लगाया जाएगा।

बिना स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम के हार्वेस्टर चलाने पर होगी कार्रवाई

फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन के लिए कंबाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रॉ रीपर अथवा स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम लगाना अनिवार्य किया गया है। बिना इन उपकरणों के हार्वेस्टर से फसल कटाई करने पर हार्वेस्टर संचालक के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सहायक कृषि यंत्री द्वारा इन कृषि यंत्रों पर शासन की ओर से दिए जाने वाले अनुदान की जानकारी भी दी गई। बैठक में भीकनगांव स्थित 360 डिजिटल सक्सेस प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक आनंद ने बताया कि कंपनी की 35 श्रेडर मशीनों के माध्यम से किसानों के खेतों से फसल अवशेष निःशुल्क एकत्रित किए जा रहे हैं। किसान स्वयं भी अपने खेतों के फसल अवशेष कंपनी तक पहुंचा सकते हैं, जिन्हें नमी के अनुसार उचित दर पर खरीदा जा रहा है। गोशाला संचालकों ने भी फसल अवशेषों का अधिक से अधिक उपयोग भूसे के रूप में करने का आश्वासन दिया। बैठक में फसल अवशेषों के संग्रहण, परिवहन एवं उपयोग के लिए आवश्यक कृषि यंत्रों की उपलब्धता और उपयोग के संबंध में भी चर्चा की गई।

गठित होंगी समितियां

नरवाई जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने, किसानों को प्रतिबंधात्मक आदेशों के प्रति जागरूक करने तथा फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन और बायोफ्यूल के रूप में उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर समितियां गठित की गई हैं। इन समितियों के माध्यम से नरवाई जलाने की घटनाओं की निगरानी, किसानों को जागरूक करने तथा फसल अवशेषों के वैकल्पिक उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए कार्य किया जाएगा।

सुरक्षा पर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

दीपावली पर्व को लेकर अधिकारियों ने पटाखा बाजारों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

दीपावली पर्व के मद्देनजर जिले में पटाखा दुकानों एवं बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में अपर कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा एवं एसडीएम खिरकिया रजनी वर्मा ने सिराली, चारुवा एवं खिरकिया के पटाखा बाजारों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पटाखा दुकानों में अग्नि सुरक्षा के इंतजाम, सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं एवं आवश्यक सावधानियों का जायजा लिया। उन्होंने दुकानदारों को निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करने, अग्निशमन उपकरण उपलब्ध रखने तथा बाजार में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि दीपावली पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए सभी दुकानदार सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। साथ ही संबंधित अधिकारियों को भी सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए।

हरदा में सिर्फ ग्रीन पटाखे चलेंगे, रात 8 से 10 बजे तक छूट

हरदा। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं अपर कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2)(3) के तहत दीपावली पर्व पर पटाखों के उपयोग, विक्रय और प्रस्फोटन को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेश अनुसार हरदा जिले का एंबिएंट एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) अक्टूबर 2025 में संतोषजनक श्रेणी में होने के कारण दीपावली 2026 के दौरान शहरों में ग्रीन पटाखों का उपयोग सिर्फ रात 08 बजे से 10 बजे तक ही किया जा सकेगा। जारी आदेश अनुसार अस्पताल, नर्सिंग होम, हेल्थ केयर सेंटर, शैक्षणिक संस्थान, धार्मिक स्थलों इत्यादि से 100 मीटर की दूरी तक पटाखों का प्रस्फोटन प्रतिबंधित रहेगा। ग्रीन पटाखों के अंतर्गत फुलझड़ी, अनार और मेरून आते हैं। पटाखों में बेरियम सॉल्ट इत्यादि का निर्माण, उपयोग, विक्रय, वितरण एवं प्रस्फोटन प्रतिबंधित है। पटाखों की तीव्रता प्रस्फोटन स्थल से 04 मीटर पर 125 डी.बी.ए. से अधिक नहीं होना चाहिए। पटाखों की ऑनलाइन सेल (अमेजॉन, फ्लिपकार्ट इत्यादि) भी प्रतिबंधित है। आदेश में कहा गया है कि पटाखों के जलने के बाद बचे कागज के टुकड़े एवं अधजली बारूद के संपर्क में आने से पशुओं एवं बच्चों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना रहती है। इसलिए पटाखों के जलने के उपरांत उत्पन्न कचरे को ऐसे स्थानों पर न फेंका जाए जहां प्राकृतिक जल स्त्रोत एवं पेय जल स्त्रोत प्रदूषित होने की संभावना हो। कचरे को पृथक स्थान पर एकत्रित किया जाए तथा नगर पालिका के कर्मचारियों को सौंपा जाए। नगर पालिका इस संग्रहित कचरे का पृथक से एकत्रीकरण कर उसका अपवहन करेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आएगा। पुलिस अधीक्षक, सभी एसडीएम, तहसीलदार, कार्यपालिक दंडाधिकारी, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी और सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में आदेश का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस ने 5 महिलाओं को पकड़ा

खरीदी करने आई महिला का पर्स चुराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे बाजार आई एक महिला के झोले से पर्स निकाल लिया गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक घंटे के भीतर महाराष्ट्र के आकोला से आई पांच महिलाओं को पकड़ा। शिवम वाटिका कॉलोनी में रहने वाली सुरेखा गौर अपनी बेटी के साथ ऑटो से बाजार पहुंची थीं। ऑटो से उतरते ही चार महिलाओं ने उन्हें घेर लिया और उनमें से एक ने झोले से पर्स निकाल लिया। पर्स में 10 हजार रुपए रखे थे, करीब दो मिनट बाद एक महिला लौटी और खाली पर्स के साथ मोबाइल झोले में रखकर चली गई। बाजार की एक कपड़े की दुकान के सीसीटीवी कैमरे में घटना रिकॉर्ड हुई। सुरेखा गौर ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने बाजार में तलाशी शुरू की। आरक्षक वीरेंद्र राजपूत और सचिन चौधरी ने बड़े मंदिर के पास फुटेज में दिख रही महिलाओं के हुलिए से मिलती पांच महिलाओं को पकड़ा। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस ने पीड़ित महिला के रुपए वापस लौटाए, जिसके बाद उन्होंने रिपोर्ट लिखाने से इनकार कर दिया। टीआई आरएस तिवारी ने लोगों से बाजार में खरीदारी के दौरान सतर्क रहने और संदिग्ध लोगों की जानकारी पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि भीड़ वाले इलाकों में चोरी की नीयत से आए लोग वारदात कर सकते हैं।

जनप्रतिनिधि व कलेक्टर की मौजूदगी में रजिस्ट्री का कार्य, धनतेरस पर मिला मालिकाना हक

पंकज, भरत और राजेश को मिल गई स्वामित्व रजिस्ट्री

शत-प्रतिशत रजिस्ट्री वाले गांवों के पटवारियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



धनतेरस के पावन अवसर पर शुक्रवार को स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना 2026 के अंतर्गत तहसील हंडिया की ग्राम पंचायत नीमगांव में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम नीमगांव, डोमनमऊ, छिड़गांव एवं रेवापुर के हितग्राही शामिल हुए। शिविर में जनप्रतिनिधियों और कलेक्टर की मौजूदगी में हितग्राहियों की रजिस्ट्री का कार्य संपन्न कराया गया। शिविर में पंकज विश्नोई, भरत विश्नोई एवं राजेश विश्नोई की स्वामित्व रजिस्ट्री की गई। ग्रामीण पंकज विश्नोई ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत उनकी रजिस्ट्री पूर्णतः निःशुल्क हुई है, जिससे उनके लगभग 36 हजार रुपए की बचत हुई है। विशेष शिविर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, कलेक्टर कुमार सत्यम, अपर कलेक्टर अनुपमा चौहान, एसडीएम शैलेन्द्र बड़ोनिया सहित अधिकारी-कर्मचारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। तहसीलदार हंडिया पूजा भाटी ने बताया कि ग्राम मिर्जापुर, उड़ावा, छिड़गांव एवं रेवापुर में शत प्रतिशत स्वामित्व रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण हो चुका है। कलेक्टर कुमार सत्यम ने कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीण परिवारों को सम्मान, सुरक्षा और संपत्ति संबंधी अधिकार प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। संपत्ति का विधिवत अभिलेख होने से मालिकाना हक को लेकर सुरक्षा और विश्वास बढ़ा है। पुश्तैनी जमीन पर अभिलेख में कानूनी मालिकाना हक मिलने से ग्रामीणों को बहुत फायदा मिलेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि सभी अपनी पुश्तैनी जमीनों की रजिस्ट्री स्वामित्व योजना के तहत अवश्य कराएं। कार्यक्रम में शत प्रतिशत स्वामित्व रजिस्ट्री पूर्ण करने वाले पटवारी राजीव जैन एवं धर्मेन्द्र यदुवंशी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर कार्रवाई की, 16 प्रतिष्ठानों से 27 जब्त

कसरावद, महेश्वर व गोगावां में खाद्य विभाग ने की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



कलेक्टर गुरु प्रसाद के आदेश एवं जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एस. मुवेल के निर्देशन में जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज विकासखंड कसरावद, महेश्वर एवं गोगावां के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर आकस्मिक जांच की गई। जांच के दौरान होटल एवं ढाबों में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाए जाने पर कुल 27 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। जांच के दौरान विकासखंड कसरावद के 11, महेश्वर के 6 तथा गोगावां के 10 प्रतिष्ठानों सहित कुल 16 प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध संग्रहण एवं व्यावसायिक उपयोग पाया गया। कार्रवाई में जब्त किए गए 27 घरेलू गैस सिलेंडरों का अनुमानित बाजार मूल्य 69 हजार 587 रुपये है।

आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण तैयार

घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग एवं अवैध संग्रहण पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों एवं संचालकों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के तहत दंडनीय अपराध होने से प्रकरण तैयार किए गए हैं। जब्त सिलेंडरों के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उक्त कार्रवाई में सहायक आपूर्ति अधिकारी विकासखंड महेश्वर रविन्द्रसिंह ठाकुर, सहायक आपूर्ति अधिकारी विकासखंड गोगावां/सेगांव प्रीति साई तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी विकासखंड कसरावद नरेंद्रसिंह शामिल रहे। जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग एवं अवैध संग्रहण के विरुद्ध जांच लगातार जारी रहेगी। प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

मक्का के भाव 2800 रुपए क्विंटल तक पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मक्का की कीमतों में पिछले एक हफ्ते में तेजी आई है। मंडी में मक्का के भाव 1500 से 1800 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़कर 2800 रुपए तक पहुंच गए हैं। एथेनॉल बनाने वाली कंपनियों की मांग बढ़ने से खरीद में तेजी आई है। इससे किसानों को अपनी उपज के बेहतर दाम मिल रहे हैं। मक्का के दाम बढ़ने की वजह केंद्र सरकार के एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में छूट देने के फैसले को माना जा रहा है। सरकार ने 20 से 30 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को उत्पाद शुल्क से मुक्त किया है। इस फैसले के बाद एथेनॉल बनाने वाली कंपनियों और फैक्ट्रियों ने मक्का की खरीद बढ़ा दी है। एथेनॉल बनाने में मक्का का इस्तेमाल होता है। हरदा से मक्का बदनावर, घाटा बिल्लोद और नीमच की एथेनॉल फैक्ट्रियों में भेजी जा रही है। घाटा बिल्लोद और नीमच की फैक्ट्रियों में भेजी जा रही मक्का।

किसान बोले- पहली बार मिल रहे अच्छे दाम सोहागपुर गांव के किसान अजयसिंह राजपूत ने कहा कि मक्का के मौजूदा भाव से किसान संतुष्ट हैं। उनके मुताबिक, पहली बार किसानों को मक्का के अच्छे दाम मिल रहे हैं। मंडी व्यापारी शेंकी खनूजा ने बताया कि एथेनॉल फैक्ट्रियों की मांग बढ़ने से मक्का की खरीद में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 20 से 30 प्रतिशत के बाद 36 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को भी मंजूरी दी है। वहीं, महाराष्ट्र में सूखे के कारण मक्का की बोवनी नहीं होने से मांग और बढ़ी है।

पहले 1500 से 1800 रुपए मिल रहे थे भाव

हरदा मंडी सचिव हरनारायण भिलाला के मुताबिक, एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को बढ़ावा देने से पेट्रोल के लिए विदेशी निर्भरता कम होगी और पर्यावरण को लाभ मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे हरदा सहित देशभर के मक्का उत्पादक किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

धनतेरस पर प्रदेश के चयनित गांवों में विशेष कार्यक्रम किए गए

स्वामित्व योजना से ग्रामीणों को मिला संपत्ति का कानूनी हक: चिटनिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना 2026 के तहत धनतेरस पर प्रदेश के चयनित गांवों में विशेष कार्यक्रम हुए। इसी क्रम में बुरहानपुर के ग्राम रायगाँव में पंजीकृत स्वामित्व दस्तावेजों का शत-प्रतिशत रजिस्ट्रेशन संपन्न हुआ।

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने हितग्राहियों को पंजीकृत स्वामित्व प्रमाण पत्र वितरित किए। चिटनिस ने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि गांव के हर परिवार को सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि मिले। अब जिस मकान में परिवार पीढ़ियों से रह रहा था, उसकी पक्की रजिस्ट्री उसके कानूनी अधिकार और आर्थिक सामर्थ्य का आधार बनेगी। इससे ग्रामीण मकानों को भी शहरों की तरह आर्थिक मूल्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि अब तक दस्तावेजों के अभाव में ग्रामीण बैंक से ऋण नहीं ले पाते थे। पंजीकृत दस्तावेज मिलने से अब वे बैंक ऋण ले सकेंगे, संपत्ति खरीद-बेच और हस्तांतरित कर सकेंगे। यह ग्रामीणों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि पात्र हितग्राहियों को निशुल्क पक्की रजिस्ट्री दी जा रही है। स्टाम्प ड्यूटी, पंजीयन शुल्क और पंचायत उपकर का खर्च शासन वहन कर रहा है। ड्रोन सर्वे से नपाई होने से संपत्ति विवाद कम होंगे। प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान, किसान सम्मान निधि और पेंशन जैसी योजनाओं में भी ये दस्तावेज काम आएंगे। कार्यक्रम में एसडीएम पल्लवी पुराणिक, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विरेंद्र तिवारी, सरपंच सुबलीबाई बारेला सहित जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

बैंकों से लोन लेकर कारोबार कर सकते: सांसद

बुरहानपुर। शिविर के दौरान शुक्रवार को बोहरड़ा में 121 और सुखपुरी में 123 ग्रामीणों को उनके संपत्ति दस्तावेज सौंपे गए। कार्यक्रम से पहले गांव की महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली, जो अलग-अलग रास्तों से होते हुए मुख्य आयोजन स्थल पहुंची। जिले के 1 लाख 13 हजार से अधिक ग्रामीणों को स्वामित्व योजना के तहत उनकी आबादी भूमि का मालिकाना हक मिलने जा रहा है। शुक्रवार को ग्राम बोहरड़ा और सुखपुरी में विशेष शिविर लगाकर पात्र ग्रामीणों को जमीनों की रजिस्ट्रियां बांटी गईं। इस मौके पर खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील मुख्य रूप से मौजूद रहे। जिले में कुल 72 हजार 160 स्वामित्व रजिस्ट्रियां बांटने का लक्ष्य तय किया गया है, जिसके तहत अब तक 22 हजार 285 रजिस्ट्रियां तैयार की जा चुकी हैं। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि इस योजना के जरिए ग्रामीणों को अपनी जमीन के कागज बनवाने के लिए रजिस्ट्री दफ्तर के चक्कर नहीं काटने पड़ते। सरकार न सिर्फ पंजीयन शुल्क और स्टाम्प ड्यूटी माफ कर रही है, बल्कि पूरी प्रक्रिया का खर्च खुद उठाकर गांव-गांव शिविर लगा रही है। धनतेरस के मौके पर ग्रामीणों को अपनी जायदाद का कानूनी अधिकार मिलना एक तोहफा है, जिसके जरिए वे अब बैंकों से लोन लेकर अपने रोजगार और कारोबार को आगे बढ़ा सकेंगे। दूसरी तरफ, नेपानगर विधानसभा के ग्राम बालापाठ में आयोजित रजिस्ट्री वितरण कार्यक्रम में विधायक मंजू दादू शामिल हुईं। उन्होंने मंच से ही हितग्राही तारासिंग और कृष्णा की ऑनलाइन रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कराई।